**भारत सरकार**
**श्रम और रोजगार मंत्रालय**
**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या- 1376**
**गुरुवार, 31 जुलाई, 2025/9 श्रावण, 1947 (शक)**

**राष्ट्रीय कैरियर सेवा परियोजना**

**1376. श्री महेंद्र भट्ट:**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) राष्ट्रीय कैरियर सेवा योजना के अंतर्गत कितने स्थानों पर लाभार्थियों को इसका लाभ प्रदान किया जा रहा है, तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ख) अभी तक इस योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने वाले व्यक्तियों की राज्य-वार संख्या कितनी है?

**उत्तर**
**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**
**(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)**

(क): राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल, निजी और सरकारी क्षेत्रों की नौकरियों की जानकारी, ऑनलाइन और ऑफलाइन रोजगार मेलों की जानकारी, नौकरी खोज और मिलान, करियर परामर्श, व्यावसायिक मार्गदर्शन, कौशल विकास पाठ्यक्रमों की जानकारी, रोजगार क्षमता वृद्धि कार्यक्रम आदि सहित करियर से संबंधित सेवाएं एक डिजिटल प्लेटफॉर्म [www.ncs.gov.in] के माध्यम से प्रदान करने के लिए वन-स्टॉप समाधान है।

एनसीएस के अंतर्गत सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध हैं तथा आदर्श करियर केंद्रों (एमसीसी), रोजगार कार्यालयों, सामान्य सेवा केंद्रों, साइबर कैफे आदि के माध्यम से सीधे इन तक पहुंचा जा सकता है।

आदर्श करियर केंद्रों (एमसीसी) और रोजगार कार्यालयों का राज्य-वार ब्यौरा क्रमशः https://www.ncs.gov.in/User_Manuals/List_of_Model_Career_Centers.pdf और https://dge.gov.in/dge/sites/default/files/2023-10/Directory_of_EEX.pdf पर देखा जा सकता है।

(ख): एनसीएस पोर्टल पर पंजीकृत रोजगार इच्छुक और नियोक्ताओं का राज्य-वार ब्यौरा https://www.ncs.gov.in/_layouts/15/ncsp/ViewStaticReport.aspx पर देखा जा सकता है।

*****